हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

30 दिसंबर 2024, समय 1810

- भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात की।
- श्री चढ़ूनी से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाने के लिए मध्यस्थता की मांग की।
- पंजाब में किसानों द्वारा किए गए बंद के कारण अंबाला जिले में कई मार्गों पर रूट बदले गए। भारतीय रेलवे ने 200 से ज़्यादा रेलगाड़ियां रद्द की।
- हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि इस वर्ष 56 हज़ार 830 पदों पर भर्ती के परिणाम जारी किए किए गए हैं। आयोग सरकारी भर्तियों में एक ही बार पंजीकरण की व्यवस्था लागू करेगा।
- आज सोमवती अमावस्या पर कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर और जींद के पांडु पिंडारा सरोवर में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

*************************************************************************

भारतीय किसान यूनियन "चढ़ूनी" के प्रतिनिधिमंडल ने आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में किसानों के इस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने के लिए मुख्यमंत्री की मध्यस्थता की मांग और किसानों की मांगों को पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी मांगों पर विचार कर उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया है।

*************************************************************************

पंजाब में किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर किए गए बंद के कारण हरियाणा में भी जनजीवन प्रभावित हुआ है । कई मार्गों पर यातायात बाधित रहा। अंबाला जिले में चंडीगढ़ और दिल्ली के बीच आवाजाही के लिए सड़क मार्ग के रूट बदले गए। उधर भारतीय रेलवे ने भी बंद के मद्देनजर दो सौ से ज्यादा रेलगाड़ियां रद्द की। रद्द की गई रेलगाड़ियों में दिल्ली और पंजाब के बीच चलने वाली शताब्दी और वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल हैं। उत्तर रेलवे के अनुसार 13 रेलगाड़ियों के समय में भी बदलाव किया गया।

***********************************************************************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन - इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्रीहरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यान की डॉकिंग-अनडॉकिंग यानि जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया को दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 60 और दोनों उपग्रह - एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को 476 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा। अपनी आवश्यकता अनुसार उपग्रह को अंतरिक्ष में रोके रखना और दो उपग्रहों के बीच तालमेल रखना इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है।

***********************************************************************

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा है कि आयोग ने इस वर्ष 56 हज़ार, 830 पदों पर भर्ती के परिणाम जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पद ग्रहण के बाद पुनर्गठित आयोग ने केवल 56 दिनों में 36 हज़ार भर्तियां की हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती में बाहरी अभ्यर्थियों की संख्या काफ़ी कम है।आज चंडीगढ़ में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए श्री हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग ने  अदालत में अटकी हुई भर्तियों पर  अभ्यर्थियों के हित में मजबूती से अपना पक्ष रखा है । आयोग द्वारा निकाली गई 24000 भर्तियों के परिणाम पर 266 मामले और टीजीटी परीक्षा परिणाम पर 418 मामले दायर हुए, जिस  पर आयोग तीव्रता से कार्रवाई कर रहा है।श्री हिम्मत सिंह ने कहा कि फायर ऑपरेटर की भर्ती का परिणाम भी जल्द घोषित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस भर्ती को लेकर एक समिति बनाई गई है। समिति की रिपोर्ट आते ही परिणाम जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जे.बी.टी अध्यापक का परिणाम भी जल्द घोषित होगा और टी.जी. टी एवं फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में समूह-घ कर्मचारियों की भर्ती के परिणाम अगले महीने घोषित किए जाएंगे।श्री हिम्मत सिंह ने कहा कि सरकार को रिपोर्ट पेश कर संयुक्त पात्रता परीक्षा की नीति में संशोधन कर लागू करवाया जाएगा परन्तु नई नीति कुछ पदों पर लागू नहीं होंगी। अगले वर्ष की संयुक्त पात्रता परीक्षा की अधिसूचना अगले महीने जारी हो जाएगी।श्री हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा सरकारी भर्तियों के लिए एक ही बार पंजीकरण की व्यवस्था लागू की जाएगी और वार्षिक परीक्षा कैलेंडर बनाया जाएगा। शिकायत हेतु पोर्टल जारी होगा, शिकायत  निस्तारण का समय तय होगा एवं अभ्यर्थियों को हर एक प्रतिक्रिया की जानकारी मैसेज द्वारा मिलती रहेगी, यदि कोई अभ्यर्थी निस्तारण से सहमत नहीं होगा तो वह पुनः शिकायत करने में सक्षम होगा।

***********************************************************************

इस वर्ष की अंतिम सोमवती अमावस्या के दिन आज कुरुक्षेत्र के पवित्र ऐतिहासिक ब्रहम सरोवर और जींद के पांडु पिंडारा स्थित सरोवर में देश के कोने-कोने से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया तथा पिंडदान कर तर्पण किया। कुरुक्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालु ब्रहम सरोवर पर पूजा कर्म कर पितरों की शांति के लिए प्रार्थना करते देखे जा रहे हैं।

जींद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर कल शाम से ही श्रद्धालुओं पहुंचना शुरू हो गए थे। कल पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन चलते रहे। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई।

हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जगह-जगह पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है ।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के कारण गोहाना रोड पर जाम जैसी स्थिति बनी हुई है। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया गया है।

***************************************************************************

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी एक मजबूत संगठन बनाने की ओर अग्रसर है । उन्होंने कहा कि 6 से 12 जनवरी तक मंडलों के चुनाव कराए जाएंगे।आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले 313 मंडल हैं, अब 376 मंडल बनाए जाएंगे।श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में पार्टी के 41 लाख सदस्य बने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 हजार 629 बूथ हैं, हर बूथ पर 50 से ज्यादा सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बने हैं, बूथों पर पांच जनवरी तक समिति बनाने का काम किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मंडल चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों का चयन होगा। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्रों में सहायकों की नियुक्ति भी की गई है।श्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि वर्ष 2024 में कई राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखने को मिले।

***************************************************************************